कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक – उनि / सशि / एफ–501 / निशु / पापु / 2020–21 / 550 दिनांक – 08/09/2020

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी

अति–आवश्यक

विषय :–शैक्षिक सत्र 2020–21 हेतु विद्यालय स्तर से विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्रांक 502 दिनांक – 28.07.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शैक्षिक सत्र 2020–21 हेतु विद्यालय स्तर से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण बाबत प्रासंगिक पत्र द्वारा राजकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण के लिए निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन यह ध्यान मे आया है कि अभी तक उपलब्ध समस्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का विद्यार्थियों को वितरण नही हुआ है। पुनः निर्देशित किया जाता है कि प्रासंगिक पत्र मे वर्णित निर्देशों को ध्यान मे रखते हुए दिनांक 15.09.2020 तक उपलब्ध पात्र विद्यार्थियों को समस्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करते हुए वितरित निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की प्रविष्टि शाला दर्पण पोर्टल पर निर्धारित मॉड्यूल में आवश्यक रूप से करावें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत :–

1. समस्त मंडल संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा राजस्थान।
2. समस्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी
3. रक्षित पत्रावली

उपनिदेशक
समाज शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर